# समाचार

## निगम क्षेत्र के 190 वरिष्ठ नागरिक जाएंगे तीर्थ यात्रा पर

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने तीर्थ यात्रियों को दिया परिचय पत्र, दी अपनी शुभकामनाएं)



कोरबा 06 जनवरी 2016 – छ.ग. मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत निगम क्षेत्र के 190 वरिष्ठ नागरिक द्वारिका, सोमनाथ एवं नागेश्वर की तीर्थयात्रा पर 07 जनवरी को रवाना होगे। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किये, उन्होने तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठनागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनकी सकुशल वापसी की कामना की।

छ.ग. मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजनांतर्गत 07 जनवरी 2016 से 12 जनवरी 2016 तक की अवधि में वरिष्ठ नागरिकों को द्वारिका, सोमनाथ एवं नागेश्वर की तीर्थ यात्राएं कराई जाएंगी। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के 190 वरिष्ठ नागरिक इस यात्रा पर रवाना होंगे। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित परिसर में तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किया तथा उन्हें यात्रा की मंगलकामनाएं दी। द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर की तीर्थ यात्रा के लिए कोरबा से विशेष ट्रेन 07 जनवरी को प्रातः 10 बजे रवाना होगी, यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों तथा उनके सहायकों से कहा गया है कि वे कोरबा रेलवे स्टेशन में प्रातः 08 बजे अपनी उपस्थिति प्रदान करें, जहां से उन्हें विशेष ट्रेन के द्वारा यात्रा हेतु रवाना किया जाएगा, इस तीर्थ यात्रा से वापसी 12 जनवरी 2016 को होगी।

तीर्थ यात्रियों को महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा परिचय पत्र प्रदान किये जाने के अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पार्षद गीता महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, संगठन मंत्री कुसुम द्विवेदी, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, संतोष लांझेकर, निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे सहित यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं उनके सहायक आदि उपस्थित थे।